## न्यूज डायरी



### कभी पाक सेना का था प्यारा, अब आईएसआई के हमले में हुआ घायल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** इस्लामाबाद। पाक समर्थित आतंकवादी संगठन हिजबुल मुजाहिद्दीन और यूनाइटेड जिहाद काउंसिल का सरगना सैयद सलाउद्दीन एक हमले में घायल हो गया है। कहा जा रहा है कि सलाउद्दीन के ऊपर यह हमला पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने करवाया है। हाल में ही सलाउद्दीन और पाकिस्तानी सेना के बीच मतभेद की खबरें भी आई थी। बता दें कि सलाउद्दीन ने कश्मीर में आतंक फैलाने के लिए यूनाइटेड जिहाद काउंसिल का गठन किया था जिसमें कई आतंकी संगठन शामिल थे। बाद में इस गुट में फूट पड़ गई और अधिकतर आतंकी भारतीय सेना के हाथों मारे गए। रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के रावलपिंडी में सैयद सलाउद्दीन के ऑफिस के पास एक इमारत में गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया। इस विस्फोट के कारण सैयद सलाउद्दीन भी घायल हो गया। घायल सलाउद्दीन को इलाज के लिए सेना के ही एक अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### इस्लामिक स्टेट को समर्थन देने के मामले में महिला को सजा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** फोर्ट मायर्स (अमेरिका)। फ्लोरिडा की एक महिला को पश्चिम एशिया में इस्लामिक स्टेट आतंकवादी समूह की मदद के लिए मोबाइल फोन भेजने की कोशिश करने के मामले में पांच साल 10 महीने कारावास की सजा सुनाई गई है। पुंटा गोर्डा की एलिसन मैरी शेफर्ड (35) को आईएस को सहायता मुहैया कराने की कोशिश करने के मामले में फोर्ट मायर्स संघीय अदालत में पिछले साल दोषी ठहराया गया था। अदालती दस्तावेजों के अनुसार एलिसन ने 2016 में फेसबुक और अन्य सोशल मीडिया माध्यमों की मदद से सलाफी जिहादी विचारधारा और आईएस को समर्थन देने वाले लोगों से जुड़ना शुरू किया।

### 'स्पेलिंग बी' से मिलती जुलती प्रतियोगिता में भारतीय–अमेरिकी छात्र विजयी

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** न्यूयॉर्क। अमेरिका की प्रतिष्ठित 'स्क्रिप्स स्पेलिंग बी' प्रतियोगिता की तर्ज पर आयोजित वर्तनी की एक नई प्रतियोगिता के पहले संस्करण में 14 वर्षीय भारतीय–अमेरिकी छात्र विजयी रहा। न्यूजर्सी के एडिसन में रहने वाले आठवीं कक्षा के छात्र नवनीत मुरली ने "खरोष्ठी" की सही वर्तनी बताकर 'स्पेलपंडित' प्रतियोगिता में बाजी मारी। प्रतियोगिता में दूसरे स्थान पर भी भारतीय मूल की आठवीं कक्षा की छात्रा रही। निधि अचंता ने दूसरा स्थान और छठी कक्षा के हरिनि लोगान ने तीसरा स्थान हासिल किया। 'स्पेलपंडित' के सहसंस्थापक सौरव देसाई ने मुरली को विजेता घोषित किया। प्रतिष्ठित 'स्क्रिप्स स्पेलिंग बी' प्रतियोगिता में कई साल से भारतीय–अमेरिकी छात्रों का कब्जा है। कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण इस बार इस प्रतियोगिता को रद्द कर दिया गया है और द्वितीय विश्व युद्ध के बाद ऐसा पहली बार हुआ है।

### अमेरिका ने डब्ल्यूएचओ से संबंध तोड़ने का किया ऐलान

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। विश्व स्वास्थ्य संगठन से अमेरिका के अलग होने के ऐलान के बाद से ही संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था के कंगाल होने की कयासबाजियां शुरू हो गई हैं। बता दें कि इस संस्था को सबसे ज्यादा फंड अमेरिका से ही मिलता था। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप कई बार डब्ल्यूएचओ को सार्वजनिक तौर पर खरी–खरी सुना चुके हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन चीन के हित में फैसले ले रहा है। ट्रंप ने डब्ल्यूएचओ और चीन को दुनियाभर में कोरोना से हुई मौतों का जिम्मेदार ठहराया। ट्रंप ने कहा, सालाना सिर्फ 40 मिलियन डॉलर (4 करोड़ डॉलर) की मदद देने के बावजूद चीन का डब्ल्यूएचओ पर पूरी तरह नियंत्रण है। दूसरी ओर अमेरिका इसके मुकाबले सालाना 45 करोड़ डॉलर की मदद दे रहा था। चूंकि वे जरूरी सुधार करने में नाकाम रहे हैं, इसलिए आज से हम डब्ल्यूएचओ से अपना संबंध खत्म करने जा रहे हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख टैड्रोस ऐडरेनॉम गैबरेयेसस ने 2017 में डब्ल्यूएचओ की कमान संभाली थी।

# कोरोना वायरस के कारण दुनिया में घिरा चीन

## चीनी नागरिकों के प्रवेश को लेकर भी होगी समीक्षा

**एक्शन**

■डब्ल्यूएचओ पर अमेरिका का एक्शन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

पेइचिंग। कोरोना वायरस के कहर के कारण सार्वजनिक आलोचना का सामना कर रहा चीन दुनिया में घिरता जा रहा है। हालांकि, इसके बाद भी उसकी हेकड़ी कम नहीं हुई है। हाल में ही चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग ने अपनी सेना को युद्ध की तैयारी करने के आदेश दिए थे। वहीं, अमेरिका के विश्व स्वास्थ्य संगठन से नाता तोड़ने पर भी चीन को बड़ा झटका लगा है।



**कोरोना को लेकर घिरा चीनः** वैश्विक महामारी बन चुके कोरोना वायरस को लेकर दुनिया के अधिकतर देश चीन की आलोचना कर चुके हैं। कुछ दिनों पहले डब्ल्यूएचओ की बैठक में चीन ने यूरोपीय यूनियन के उस प्रस्ताव का विरोध किया था जिसमें इस वायरस के उत्पत्ति के जांच की मांग की गई थी। हालांकि, बाद में वैश्विक दबाव के कारण चीनी प्रधानमंत्री ली केकियांग और विदेश मंत्री वांग यी ने इस जांच के समर्थन की घोषणा की।

**अमेरिका से बढ़ा तनावः** ट्रेड वॉर को लेकर अमेरिका और चीन में जारी तनाव का अभी खात्मा हुआ नहीं था कि कोरोना वायरस ने आग में घी का काम किया। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप खुलेआम कोरोना को चीनी वायरस या वुहान वायरस के नाम से संबोधित कर चुके हैं। उन्होंने चीन पर इस वायरस के दुनियाभर में प्रसार का भी आरोप लगाया। अमेरिका ने यह भी कहा कि चीन इस वायरस को लेकर जांच में कोई सहयोग नहीं कर रहा।

**अमेरिका ने चीन पर लगाए प्रतिबंधः** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को कुछ चीनी नागरिकों के अमेरिका में प्रवेश पर रोक लगाने का ऐलान किया। इतना ही नहीं, उन्होंने अमेरिका में चीन से आने वाले इन्वेस्टमेंट के नियमों को भी कड़ा करने का फैसला किया। बता दें कि कुछ दिन पहले ही अमेरिकी कांग्रेस में चीन के खिलाफ कड़े कदम उठाए जाने को लेकर एक बिल पेश किया गया है।

**सीमा विवाद पर चीन की भारत से ठनीः** लद्दाख में सड़क निर्माण को लेकर भारत और चीन के बीच तनातनी अब भी जारी है। दोनों देशों की सेनाएं सीमा पर एक दूसरे के सामने तंबू डालकर बैठी हुई हैं। वहीं तनाव बढ़ाने के बाद चीन अब शांतिदूत बनकर आपसी विवाद को सुलझाने की बात कर रहा है। चीन को यह आशा नहीं थी कि लद्दाख में भारत इतने आक्रामक तरीके से ड्रैगन के हर चाल को मात देगा। कोरोना वायरस के उत्पत्ति की जांच का समर्थन करने के कारण चीन का ऑस्ट्रेलिया के साथ भी तनाव बढ़ गया है। ताइवान ने किया चीनी हस्तक्षेप का विरोध।

## पत्नी की तरह है कोरोना वाइरस

### इंडोनेशियाई मंत्री के बयान पर बवाल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** जकार्ता। इंडोनेशिया के सुरक्षा मंत्री मोहम्मद महफूद एमडी के वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की तुलना पत्नी के साथ करने पर बवाल मचा हुआ है। इंडोनेशिया की कई महिला संगठनों और सोशल मीडिया यूजर्स ने महफूद एमडी के इस्तीफे की मांग की है।

बता दें कि मंत्री ने यह बयान एक यूट्यूब इवेंट के दौरान दिया था। उन्होंने कहा कि कल, मुझे समुद्री समन्वय मंत्री से एक मीम मिला, जिसमें कहा गया था कि कोरोना वायरस आपकी पत्नी की तरह है। शुरुआत में आप इसे नियंत्रित करने का प्रयास करते हैं, फिर आपको अहसास होता है कि आप नहीं कर सकते। बाद में आप इसके साथ रहना सीखते हैं। इंडोनेशियन वुमेन कोएलेशन की चीफ माइक वेराती तंगका ने महफूद एमडी पर निशाना साधते हुए कहा कि उनके बयान से पता चलता है कि उन्हें कोरोना वायरस महामारी की गंभीरता और ग्रेविटी की समझ नहीं है। इंडोनेशिया की कई महिला संगठनों ने भी मंत्री से तत्काल माफी मांगने को कहा है। इंडोनेशिया की मीडिया के अनुसार, महफूद के इस बयान पर उनके कार्यालय ने कोई भी टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। बता दें कि इंडोनेशिया में कोरोना वायरस के टेस्ट की रफ्तार दुनिया में सबसे कम है।



**दो टूक-भारत से करें सार्थक बातचीत**

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** काठमांडू। भारत के साथ सीमा विवाद के बीच नेपाल के प्रमुख विपक्षी दल नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली को दो टूक चेतावनी दी है। पार्टी ने एक बैठक के दौरान फैसला लिया कि देश के विवादित नक्शे को संसद में समर्थन के लिए सरकार को भारत के साथ सार्थक राजनयिक बातचीत करनी पड़ेगी। पार्टी महासचिव पूर्ण बहादुर खडका ने कहा कि हम नेपाल के संविधान संशोधन प्रस्ताव पर मजबूती से खड़े हैं, लेकिन हम इस बात को लेकर भी आश्वस्त हैं कि हमें राजनीतिक और कूटनीतिक स्तर पर भारत के साथ बातचीत शुरू करने की जरूरत है।

## अश्वेत की मौत के बाद अमेरिका के कई शहरों में हिंसा, वाइट हाउस बंद

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

वाशिंगटन। अमेरिका के मिनियापोलिस में पुलिस हिरासत में एक अश्वेत की मौत के बाद से भड़की हिंसा के कारण वाशिंगटन में वाइट हाउस को बंद कर दिया गया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, जॉर्ज फ्लॉयड के मौत के विरोध में सैकड़ों की संख्या में लोगों ने वाइट हाउस के बाहर प्रदर्शन किया जिसके बाद यहां लोगों की आवाजाही को प्रतिबंधित करते हुए बड़ी संख्या में सीक्रेट सर्विस एजेंट्स और स्थानीय पुलिस की तैनाती की गई है।

**विडियो वायरल होने के बाद प्रदर्शन बढ़ाः** अश्वेत व्यक्ति जॉर्ज फ्लॉयड की मौत का वीडियो वायरल होने के बाद से ही अमेरिका के कई शहरों में शुक्रवार से हिंसक प्रदर्शनों का दौर जारी है। इनमें से कुछ प्रदर्शनों ने उग्र रूप ले लिया और पुलिस के साथ प्रदर्शनकारियों की झड़प हुई।

**शिकागो, लॉस एंजिल्स और मेम्फिस में भी विरोध प्रदर्शन**

फिनिक्स, डेनवर, लास वेगास, लॉस एंजिलिस और कई अन्य शहरों में हजारों प्रदर्शनकारियों के हाथों में पोस्टर थे जिनपर लिखा था कि उसने कहा, मैं सांस नहीं ले पा रहा हूं। जॉर्ज के लिए न्याय। उन्होंने नारे लगाए, न्याय नहीं, शांति नहीं और कहा, उसका नाम पुकारो। जॉर्ज फ्लॉयड।

**सीएनएन के मुख्यालय मेंः** अटलांटा में शांतिपूर्ण प्रदर्शन के कुछ घंटे बाद कुछ प्रदर्शनकारी अचानक हिंसक हो गए और पुलिस की कार तोड़ने लगे। उन्होंने एक कार को आग लगा दी। लोगों ने सीएनएन मुख्यालय में प्रतीकात्मक लोगो के चिह्न को स्प्रे से पेंट कर दिया और एक रेस्टोरेंट में घुस गए। उपद्रवियों ने अधिकारियों पर बोतलें फेंकी और नौकरी छोड़ने को लेकर नारेबाजी की।

**तीन पुलिस अधिकारी घायल**

अटलांटा पुलिस के प्रवक्ता कार्लोस कैम्पोस ने ईमेल के जरिए दिए बयान में कहा कि इस हिंसा में तीन अधिकारियों को चोट पहुंची और कई लोगों की गिरफ्तारी हुई।

## ट्रम्प ने अमेरिका में कुछ चीनी छात्रों के प्रवेश पर लगाया प्रतिबंध

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** वाशिंगटन। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीपुल्स लिबरेशन आर्मी से संबंध रखने वाले चीन के छात्रों और शोधकर्ताओं के देश में प्रवेश पर रोक लगाने की घोषणा की है। उन्होंने अमेरिका से बौद्धिक संपदा और प्रौद्योगिकी हासिल करने के लिए स्नातक छात्रों का इस्तेमाल करने की चीन की कोशिशों को खत्म करने के लिए यह कदम उठाया है। व्यापार, कोरोना वायरस की उत्पत्ति, हांगकांग में बीजिंग की कार्रवाई और विवादित दक्षिण चीन सागर में चीन की आक्रामक सैन्य गतिविधियों को लेकर अमेरिका और चीन में बढ़ती तनातनी के बीच ट्रम्प ने यह घोषणा की है। ट्रम्प ने कहा कि चीन ने अपनी सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी (पीएलए) के आधुनिकीकरण के लिए संवेदनशील अमेरिकी प्रौद्योगिकियों और बौद्धिक संपदा को हासिल करने के लिए व्यापक अभियान चलाया हुआ है।उन्होंने कहा कि चीन की यह गतिविधि अमेरिका की दीर्घकालीन आर्थिक शक्ति और अमेरिकी लोगों की सुरक्षा के लिए खतरा है। 'चीन ने अमेरिका में उसके छात्रों पर प्रतिबंध लगाने की ट्रम्प की धमकी को शुक्रवार को नस्लवादी बताया था।